# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक– 14 जुलाई 2026** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में एक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था तथा प्रति व्यक्ति आय को तीन गुना करने में सफलता मिली है।

**हमने नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तीन गुना करने में सफलता प्राप्त की है। प्रति व्यक्ति आय को तीन गुना करने में सफलता प्राप्त की है। वीमेन वर्क फोर्स को प्रदेश के अंदर तीन गुना से अधिक उनकी उपस्थिति देश के अंदर शासकीय सेवा हो या फिर प्रदेश के अंदर इंडस्ट्रियलाइजेशन की जो कार्रवाई हुई है उनमें उनकी उपस्थिति वहां हुयी है। ये जो आंकड़े हैं ये केवल आंकड़े नहीं हैं।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश आज हर क्षेत्र में बेहतर परफॉर्म कर रहा है।

**********

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भूमि अधिग्रहण की पूरी प्रक्रिया के प्रबंधन के लिए रेल भूमि पोर्टल लॉन्च किया जाएगा। भारतीय रेलवे को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से किए गए सुधारों पर आज नई दिल्ली में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि उनके मंत्रालय ने निर्माण क्षेत्र सहित कई सुधार किए हैं। श्री वैष्णव ने कहा कि अब कंटेनरों में उर्वरकों का परिवहन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बिजली संयंत्रों में उत्पन्न होने वाली फ्लाई ऐश को भी अब कंटेनरों में भेजा जाएगा।

**अगर हम फ्लाई–ऐश का एक अच्छा ट्रांसपोर्टेशन मेकैनिज्म बना सकते हैं, तो देन वी कैन यूस फ्लाई–ऐश इन इकोनामिक वे। सीमेंट में, प्रोडक्शन में यूस कर सकते हैं या फिर रोड कंस्ट्रक्शन या किसी दूसरे कंस्ट्रक्शन में हम काम में ले सकते हैं। अभी तक क्या चैलेंज आता था रेल ट्रांसपोर्टेशन में जब उसको वैगन में भरते हैं तो फ्लाई–ऐश तो एक बहुत फाइन होने से उसको लोड करने के टाइम में बड़ा पोल्यूशंस होता था। सो डेटस वाय वी बरोट दिस रिफॉर्म। फ्लाई–ऐश के लिए स्पेशल कंटेनर डिजाइन किया है।**

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की छब्बीस तारीख को आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह इस कार्यक्रम की एक सौ छत्तीसवीं कड़ी होगी। श्रोता टोल–फ्री नंबर एक आठ शून्य शून्य –एक एक–सात आठ शून्य शून्य पर कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव भेज सकते हैं। वे नरेंद्र मोदी ऐप या माईजीओवी ओपेन फोरम के माध्यम से भी ऑनलाइन अपने सुझाव दे सकते हैं। लोग एक नौ दो दो नंबर पर मिस्ड कॉल देकर और एसएमएस में प्राप्त लिंक का अनुसरण करके भी सीधे प्रधानमंत्री को अपने सुझाव भेज सकते हैं। आगामी अंक के लिए सुझाव इस महीने की चौबीस तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

**********

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के चढ़ावे में अनियमितता मामले के आरोपी लवकुश मिश्रा के निर्माणाधीन मकान पर अयोध्या विकास प्राधिकरण ने अंतिम नोटिस चस्पा किया है। उधर, इस मामले में कल हुई सुनवाई के दौरान एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज प्रतिभा नारायण ने सभी आठों आरोपियों की न्यायिक हिरासत चौदह दिन और बढ़ा दी। अब आरोपियों की पेशी सत्ताइस जुलाई को होगी।

**********

वाराणसी के ज्ञानवापी प्रकरण को आपसी सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारित करने के उद्देश्य से आज वहां जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में दोनों पक्षों की बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद इस मामले के दोनों पक्षों ने स्पष्ट किया कि ज्ञानवापी विवाद का अंतिम समाधान न्यायालय के निर्णय से ही संभव है।

**********

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने नीट–यूजी की पुनर्परीक्षा की ओएमआर शीट जारी कर दी हैं। एक रिपोर्ट–

**उम्मीदवार एनटीए की वेबसाइट नीट डॉट एनटीए डॉट एनआईसी डॉट इन पर अपने आवेदन नंबर से लॉग इन कर ओएमआर शीट और उत्तर देख सकते है। उम्मीदवार अपने उत्तरों की तुलना स्कैन किए गए उत्तरों से कर सकते हैं। किसी उत्तर का मिलान न हो तो उम्मीदवार प्रश्न का चयन करके अपने चुने हुए विकल्प पर निशान लगा सकते हैं और दो सौ रूपये के शुल्क का भुगतान करके चुनौती दे सकते हैं। चुनौती सही पाए जाने पर शुल्क वापस कर दिया जाएगा। ओएमआर चुनौती सुविधा पन्द्रह जुलाई तक उपलब्ध रहेगी। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

**********

केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे उस वीडियो का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गोमांस उत्पादक देश है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने कहा कि यह दावा फर्जी है और प्रधानमंत्री ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है।

**********